खास-खबरें

एसडीएम ने तालाबों में हितग्राही मूलक कार्यों का किया निरीक्षण

छतरपुर। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्य किए जा रहे है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में एसडीएम राकेश शुक्ला द्वारा जनपद लवकुशनगर अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। जिसमें सार्वजनिक परकुलेशन तालाब एवं हितग्राही मूलक कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत देवनगर में परकुलेशन खेत तालाब का निर्माण और सार्वजनिक तालाबों का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस दौरान जनपद सीईओ हरीश केशरवानी, तहसीलदार अनिल श्रीवास्तव एवं सुप्रिया बागरी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मौका स्थल पर मजदूरों से चर्चा की गई। साथ ही तालाब के उपयोग और उसके लाभ के बारे में भी बताया गया। इस दौरान प्रगतिरत परकुलेशन तालाब में 46 मजदूर मौके पर पाए गए तथा सभी के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। यह कार्य पर्यावरण, रोजगार और किसानों के लिए बेहतर परिणाम दायक है।

सहकारी बैंक कर्मी को किया सेवा से बर्खास्त

खरगोन । जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन की मण्डी शाखा खरगोन में पदस्थ बैंकिंग सहायक मोनिका माहेश्वरी को लम्बी अवधि से अपने पदस्थगी स्थान से बिना सक्षम स्वीकृति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा बताया गया कि मोनिका माहेश्वरी अपने कर्तव्य स्थल से मई 2022 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थी। इस संबंध में उनको अनेको बार सूचना पत्र देते हुए कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने हेतु सूचना दी गई। समाचार पत्रों के माध्यम से भी उन्हे अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने हेतु आगाह किया गया। किन्तु वह निरन्तर रूप से अनुपस्थित रही, इस कारण बैंक कर्मचारी सेवा नियमानुसार प्रकरण बैंक स्टॉफ उप समिति में रखा जाकर मोनिका माहेश्वरी को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया है।

कृषि उपज मंडी प्रांगड़ में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

बीना। अक्षय तृतीया पर मुख्य मंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 408 जोड़े पवित्र विवाह के गठबंधन में बधने जा रहे हैं। जानकारी अनुसार 30 अप्रैल को कृषि उपज मंडी प्रांगड़ में मुख्यमंत्री कन्या दान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए नोडल एजेंसी नगर पालिका है तो वहीं सबसे अधिक विवाह के पंजीयन जनपद क्षेत्र से हुए ऐसे में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा या आपसी द्वेष के कारण योजना की प्रचार सामग्री में जनपद अध्यक्ष और नगरपालिका अध्यक्ष दोनों को ही नजर अंदाज किया गया और विधायक निर्मला स्प्रे की फोटा लगा कर योजना का पम्प लेट वितरित किया गया। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी की गुट बाजी स्पष्ट देखी जा रही है और इसका कारण आपसी खींच तान है। मामले की शिकायत जनपद अध्यक्ष ऊषा राय, उपाध्यक्ष अमरप्रताप सिंह, ने बैठकों की सूचना नहीं मिलने के साथ कार्यक्रमों में उपेक्षा की जा रही ही इसकी शिकायत सार्वजनिक रूप से कलेक्टर सागर, अनुविभाग बीना सहित जिला अध्यक्ष संगठन श्याम तिवारी से कर चुके हैं।

जनसुनवाई में सुनी गई 61 आवेदकों की समस्याएं

सामुदायिक भवन का निर्माण शासकीय भूमि पर न कर निजी भूमि पर करा रहे

खरगोन।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 29 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, सहायक कलेक्टर फरहान, एसडीएम बीएस कलेश, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या एवं सुश्री पूर्वा मण्डलोई ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 61 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।

जनसुनवाई में बड़वाह की रोशनी कलमे शिकायत लेकर आयी थी कि उसका पति रवि कलमे उसकी एक साल की बेटी को लेकर 20 अप्रैल 2025 से बिना बताये कहीं चला गया है। उसके द्वारा बड़वाह थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। लेकिन उनका अब तक कोई पता नहीं चला है। बड़वाह पुलिस द्वारा केवल आश्वासन दिया जा रहा है और उसके पति व बेटी की तलाश में कोई मदद नहीं की जा रही है। यह प्रकरण कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को भेज दिया गया है।

भगवानपुरा विकासखंड की ग्राम पंचायत गोपालपुरा (बड़िया गांव) के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि पंचायत के उप सरपंच राकेश

एवं सचिव महेन्द्र द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण शासकीय भूमि पर न किया जाकर गांव से दूर निजी भूमि पर किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए यह भवन शासकीय भूमि पर ही बनाया जाये। इस प्रकरण में जनपद पंचायत भगवानपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में बैड़ीपुरा भीकनगांव के शिवराम प्रजापत शिकायत लेकर आये थे कि उनकी आयु 83 वर्ष की हो चुकी है। उनकी आयु के अन्य लोगों को 1500 रुपये की पेंशन मिलती है, जबकि उन्हें 600 रुपये प्रतिमाह ही पेंशन मिल रही है। अत: उन्हें भी आयु के अनुसार पेंशन दिलाई जाए। शिवराम का कहना था कि उनके द्वारा नगर पंचायत भीकनगांव से अनेक बार संपर्क किया गया, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस पर भीकनगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने को कहा गया है।

कसरावद तहसील के ग्राम कमोदवाड़ा के किसान सरदार पिता बनसिंह शिकायत लेकर आये थे कि अम्बार नदी कमोदवाड़ा में जो नहर बनी है उसका पानी अन्दर ही अन्दर रिसकर उसके खेतों में जा रहा है। जिसके कारण उसकी खेत में लगी फसलों को नुकसान हो रहा है। अत: उसकी इस समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस पर सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

कसरावद तहसील के ग्राम ठीकरी मुकुन्दपुरा के किसान लल्लाखान पिता अब्दुल रहमान शिकायत लेकर आये थे कि उनकी कृषि भूमि ग्राम मुकुन्दपुरा में स्थित है। उन्हें भारत शासन की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उनके द्वारा पटवारी से इस योजना में नाम जुड़वाने के लिए संपर्क किया गया तो पटवारी द्वारा नाम जोड़ने में आना कानी की जा रही है। अत: उसका नाम शीघ्रता से इस योजना में जोड़ा जाए। इस प्रकरण में तहसीलदार कसरावद को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरदा। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय, श्री संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा तथा एसडीएम हरदा श्री कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में शशिकांत सिटोके निवासी पिपल्या तहसील सिराली ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिये चयनित भूमि पर अतिक्रमण होने की शिकायत की, जिस पर उन्होने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। हरदा के वार्ड क्रमांक 31 निवासी रमा, सरिता व ओमप्रकाश ने अपने वार्ड में पेयजल समस्या के संबंध में कलेक्टर श्री जैन को आवेदन दिया, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को टेंकर भेजकर समस्या ग्रस्त क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। हरदा निवासी शिवम् तिवारी ने आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये कलेक्टर श्री जैन को आवेदन दिया, जिस पर उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पात्रता का परीक्षण कर कार्ड बनाने के लिये कहा।

फिल्म टूरिज्म के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा: कलेक्टर

नर्मदापुरम।

जिले में लगातार महारानी जैसी ख्यात वेबसीरीज की शूट से जिले के फिल्म टूरिज्म को नया आयाम मिला है। हम चाहेंगे कि जिले में ज्यादा से ज्यादा फिल्म शूटिंग हो और स्थानीय कलाकारो को अच्छा मंच मिले और स्थानीय व्यवसाय को भी फायदा हो।

फिल्म टूरिज्म संवर्धन के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा। ये बात स्थानीय सर्किट हाउस में महारानी वेबसीरीज की शूटिंग के पहले दिन ख्यात अभिनेता प्रमोद पाठक के सीन का मुहूर्त क्लैप के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने कही।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ ,नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव भी उपस्थित थी। कलेक्टर सोनिया मीना ने सर्किट हाउस में फिल्म के निर्माता नरेन कुमार,कार्यकारी निर्माता शशि ठाकुर, डायरेक्टर पुनीत प्रकाश, फर्स्ट एडी सोन,डीओपी अनुराग सोलंकी, प्रोजेक्ट डिजाइनर पारुल विक्रम, आदि से मिलकर फिल्म निर्माण की तकनीकी जानकारी ली और स्थानीय कलाकारो से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। निर्माता नरेन कुमार ने जिला प्रशासन ने कहा कि किसी भी फिल्म मेकर के लिए प्रशासनिक सहयोग आवश्यक होता है।

नर्मदापुरम जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के कारण ही हम यहां शूटिंग के लिए आते है उन्होंने स्थानीय नागरिकों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो शूटिंग फ्रेंडली माहौल नर्मदापुरम में मिलता है वैसा कहीं नहीं मिल सकता। डायरेक्टर पुनीत प्रकाश ने भी स्थानीय कलाकारो और जिला प्रशासन के सहयोग की प्रशंसा की।

कलेक्टर सुश्री मीना व सभी अतिथियों का यूनिट की और नरेन कुमार, के साथ लोकल प्रोडक्शन श्रीजीत इंटरटेनमेंट प्रायवेट लिमिटेड की ओर से राजेंद्र ठाकुर,श्रीजीत सिंह ठाकुर, लोकेश तिवारी,संजय शर्मा ने स्वागत किया।

गौरतलब है कि सोनी लिव की सबसे चर्चित और लोकप्रिय बेवसीरिज महारानी के चौथे संस्करण की शूटिंग सोमवार को सर्किट हाउस में शुरू हो गई है। श्री जीत सिंह ठाकुर ने बताया कि शूटिंग 11 मई तक चलेगी।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो-दो प्रभारी प्राचार्य कर रहे हैं ड्यूटी

सेमरी हरचंद। नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो-दो प्रभारी प्राचार्य काम कर रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य संतोष ठाकुर ने बताया कि मुझे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 6 दिसंबर 2024 को सेमरी हरचंद कन्या शाला का प्रभारी प्राचार्य पर पदस्थ किया गया था। जिसके पालन में 9 दिसंबर 2024 को सेमरी हरचंद कन्या शाला में आकर पदभार ग्रहण किया। संतोष ठाकुर को वित्तीय अधिकार तो प्राप्त हो गए हैं लेकिन अभी तक मुझे वित्तीय अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जा रहे है।

इस संबंध में मैंने पूर्व प्राचार्य राम सिंह किरार से लिखित रूप में निवेदन किया कि आप मुझे वित्तीय अभिलेख उपलब्ध कराए लेकिन उनके द्वारा अभी तक मुझे वित्तीय अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए इससे मुझे शंका होती है कि कहीं ना कहीं वित्तीय अनियमिताएं की जा रही हैं और जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा मुझे दाव डालकर वित्तीय पदभार ग्रहण करने का कहा जा रहा है। मैं इस संबंध में पूर्व प्राचार्य को शाला पंजी में मैंने वितीय अभिलेख उपलब्ध तीर सूचनाएं लिखित में निकाली गई मैंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस किया था कि पूर्व प्राचार्य द्वारा अनियमितताएं की गई है मेरे चार्ज लेने के उपरांत 116000 का अनियमित भुगतान किया गया है । इस संबंध में मेरे द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है। वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा ऑडिट दल घटित किया गया है और ऑडिट हेतु अभिलेख जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बुला लिये गये है। परंतु आगे क्या हुआ इसमें मुझे जानकारी नहीं है। मेरा कहना है कि मुझे वित्तीय अभिलेख एक सूची बनाकर अलग-अलग जानकारी उपलब्ध करा दें। निकले गए बिल के अनुसार विद्यालय में वस्तु का मिलान कर दे जिससे वस्तु खरीदी की पुष्टि हो जाए खरीदी गई सारी सामग्री की सूची के अनुसार मिलान होने पर होने पर मैं वित्तीय प्रभार ले लूंगा।

पूर्व प्राचार्य के द्वारा 7 से 8 लाख का लेनदेन किया गया है। उनके द्वारा सामग्री खरीदी की होगी तो उन सामग्रियों का लिस्ट के अनुसार मिलान करा दें। मैं मिलान होने के बाद वित्तीय प्रभार लेने को तैयार हूं। पूर्व प्राचार्य राम सिंह किरार से बात की तो उन्होंने बताया कि शासन के नियम के अनुसार मैंने जिला शिक्षा अधिकारी को अपनी तरफ से जो भी वैधानिक कार्रवाई की जाना थी मैंने कर दी है और मैं इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है लेकिन संबंधित प्रभारी प्राचार्य संतोष ठाकुर द्वारा मुझसे वित्तीय पदभार ग्रहण नहीं किया जा रहा है।

बरोही पुलिस ने बाइक सवार को कट्टे के साथ दबोचा

भिण्ड। थानाप्रभारी बरोही अतुल सिंह भदौरिया द्वारा रोड नाईट पेट्रोलिंग गस्त में 28 अप्रैल को रात्रि में सेमरपुरा तिराहा पावई रोड चौधरी स्कूल के पास चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा बाइक सवार व्यक्ति मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 30 जेड सी 7689 की चैकिंग की गई। पूछताछ पर बाइक सवार ने अपना नाम मंगल सिंह पुत्र रामविशाल सिंह भदौरिया उम्र 40 वर्ष निवासी सेमरपुरा का होना बताया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा तथा 315 बोर के दो जिन्दा राउण्ड जप्त किए गए। पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया है। उक्त कार्यवाहीं में थानाप्रभारी बरोही अतुल भदौरिया, सहायक उपनिरीक्षक बाबू सिंह जादौन, प्रधान आरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह, रामेश्वर शमा, आरक्षक समरजीत, ओमवीर, सौरभ, अनिल तोमर, जयशंकर, महिला आरक्षक रिंकी तोमर की सराहनीय भूमिका रही है।

विज्ञान मंथन यात्रा ने मुझे विज्ञान की नई दिशाओं से परिचित कराया: श्रीमती गुप्ता

खंडवा।

विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले से चयनित एकमात्र शिक्षिका के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर की उच्च माध्यमिक शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा गंगराड़े ने विज्ञान मंथन यात्रा में सहभागिता की। इस सात दिवसीय यात्रा का शुभारंभ विज्ञान भवन, भोपाल से मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में हुआ, जहाँ प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री निवास पर आमंत्रित किया गया।

मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रतिभागियों के साथ विज्ञान में हो रहे नवाचारों पर विस्तार से संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं रात्रिभोज में सहभागिता कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, जो कि प्रदेश स्तर पर विज्ञान को लेकर हो रहे प्रयासों की गंभीरता को दर्शाता है।

21 से 27 अप्रैल तक चली इस विज्ञान मंथन यात्रा के अंतर्गत श्रीमती गुप्ता ने देश की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थाओं का भ्रमण किया, जिनमें आईआईटी दिल्ली, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस ऑफ़ एजूकेशन एंड रिसर्च मोहाली, सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स ऑर्गेनाइजेशन चंडीगढ़, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च पंजाब, चिटकारा यूनिवर्सिटी आदि शामिल हैं। इन संस्थानों में उन्होंने उन्नत प्रयोगशालाओं, शोध परियोजनाओं और नवाचारों को नजदीक से देखा और जाना।

इस यात्रा के अनुभवों को श्रीमती गुप्ता अब अपने विद्यार्थियों तक पहुंचाने का संकल्प लेकर लौटी हैं। वे विद्यार्थियों को न केवल उच्च शिक्षा संस्थानों की जानकारी देंगी, बल्कि उन्हें इन संस्थानों में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, दिशा एवं अवसरों से भी अवगत कराएंगी।

उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस.सी. सोलंकी एवं डाइट प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। यह यात्रा न केवल एक शिक्षिका के रूप में उनके लिए गौरव का विषय रही, बल्कि जिले के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है। श्रीमती गुप्ता ने कहा, इस यात्रा ने मुझे विज्ञान की नई दिशाओं से परिचित कराया है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं इन अनुभवों को अपने छात्रों तक पहुंचाकर उन्हें भी राष्ट्रीय मंच तक लाने के लिए प्रेरित कर सकूं।

विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने समस्याओं को लेकर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा

ओंकारेश्वर (नि प्र)।

विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने श्री आलोक मिश्र महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे तथा डीआरएम रतलाम श्री अश्विनी कुमार को रेलवे समस्याओं के संदर्भ में चर्चा की एवं ज्ञापन भी माननीय रेल मंत्री हेतु प्रेषित किया।

डॉक्टर राजेंद्र पलोड ने बताया कि अमान परिवर्तन का कार्य अत्यंत धीमा चल रहा है एवं नर्मदा ब्रिज के मार्च 27 के लक्ष्य को प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन प्रतीत हो रहा है 14 में से मात्र चार पिलर अभी बने हैं 10 बनना बाकी है। ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन के सीआरएस को 1 वर्ष से अधिक हो गया लेकिन जनता को ज्योतिर्लिंग तक पहुंचने की रेल सुविधा अभी प्राप्त नहीं हुई है।

महा प्रबंधक श्री मिश्रा ने बताया शीघ्र ही ओंकारेश्वर रोड स्टेशन तक कनेक्टिविटी प्रारंभ हो जाएगी एवं खंडवा सनावद मेमो ट्रेन के फेरे भी बढ़ेंगे। सदस्यों ने पुनासा रोड स्थित रेलवे गेट के जाम के संदर्भ में ट्रांची ग्राउंड से एक सबवे बनाया जाए आपने बताया कि स्थानीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को इस हेतु मांग करना चाहिए, एवं सबवे हेतु परीक्षण के निर्देश भी प्रदान किये। साथ ही अपने मोरटका नर्मदा ब्रिज के सामने बने नवीन रेलवे रेस्ट हाउस का उद्घाटन कर पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक पौधेरोपित किये।।

इस अवसर पर आपने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन, पूजा अर्चना की तथा समय सीमा में रेलवे परियोजनाएं पूर्ण हो इस हेतु आशीर्वाद मांगा।।साथ ही ओंकारेश्वर तक रेलवे की संभावना पर भी विचार किया।। समिति के सदस्य लक्ष्मीकांत राठी,ओम बंसल , राकेश गहलोत, अजय बंसल बंटी सोलंकी, तेजेंद्र पाल कपूर भूपेंद्र चतुर्वेदी आदि सदस्य मौजूद थे।।

बाजीराव विश्वास के प्रतीक और जीत की गारंटी थे : दीक्षित

बड़वाह।

चालीस साल की उम्र में 25 साल तक युद्ध लड़ना और एक भी युद्ध नहीं हारना,अद्भुत रणनीति और अनोखी लड़ाई पद्धति बाजीराव को सिकंदर के आगे खड़ा रखती है ।

उक्त बात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनय दीक्षित ने कहते हुए कहा कि नर्मदा का प्रवाह सामान्य नही है, नर्मदा की परिक्रमा होती है । गंगा नदी अपनी झोली में आए वर्ष भर के पापों को नर्मदा को दे देती है। निमाड़ में नर्मदा के किनारे संत श्री सियाराम बाबा ने भी हनुमान मंदिर के माध्यम से समरसता का संदेश दिया था । इसी प्रकार बाजीराव समरसता के कार्य की बड़ी प्रतिमूर्ति रहे है । बाजीराव समरसता के मामले में 300 वर्ष पहले कह चुके हैं जाती ना पूछो साधू की। योद्धा की कोई जाति नहीं होती है योद्धा का धर्म होता है लड़ना । आप ने आगे कहा कि बाजीराव ने बाल्यकाल में कर्मकारो की सेना तैयार की थी यह सेना युद्ध के 10 रोज़ पहले से अपने-अपने कार्यों को करने के बहाने शत्रु व अपनी सेना की कमजोरियों को पता लगाती थी । उनकी यह सेना हिंद स्वराज को युद्ध जीतने में महत्वपूर्ण मदद प्रदान करती थी ।बाजीराव विश्वास के प्रतीक और जीत की गारंटी थे । राजा छत्रसाल को जब बुंदेलखंड की सुरक्षा की चिंता हुई तो उन्होंने बाजीराव पर विश्वास जताया और और बाजीराव ने वैसा कर दिखाया।

श्रीमंत बाजीराव पेशवे प्रथम के 285 वे पुण्यतिथि स्मरण समारोह के ग्राम रावेरखेड़ी में उनके समाधि स्थल पर श्रीमंत बाजीराव पेशवा प्रथम स्मृति समारोह समिति द्वारा आयोजित हुए आयोजन में वक्ताओं ने कहे । कार्यक्रम मे अध्यक्षता कर रहे सुधीर थोरात ने कहा कि औरंगजेब के जुल्मों की लंबी कहानी है हमारे वीर योद्धाओं और राज घराने की महिलाओं के साथ किए गए अत्याचारों को सुनकर हृदय कांप उठता है । धर्म के नाम पर जो हैवानियत औरंगजेब ने की थी वही वर्तमान के दौर में जो पहलगाम में हुआ है ।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है।

यूनिट के अनुसार आई डी, स्थान, श्रेणी, सांकेतिक लाइसेंस फीस (लागू जीएसटी को छोड़कर), बयाना राशि जमा और निविदा फॉर्म शुल्क (जीएसटी सहित) का विवरण

NIT No.	कार्य का नाम	यूनिट क्र.	प्लेट फॉर्म	सांकेतिक लाइसेंस फीस प्रति वर्ष	5 वर्षों के लिए अनुबंध की कुल राशि	ईएमडी (कुल मूल्य का 5%)
28-2025	जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	JBP-MP-1	1	1046100	5439720	280000
29-2025	जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	JBP-MP-4	2/3	1046100	5439720	280000
30-2025	जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	JBP-MP-8	6	1046100	5439720	280000
31-2025	कटनी स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	KTE-MP-3	3/4	368449	1915935	100000
32-2025	मैहर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	MYR-MP-4	2/3	174746	908679	50000
33-2025	सतना स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	STA-MP-1	1	1100001	5720005	290000
34-2025	सागर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	SGO-MP-2	1	213962	1112602	60000
35-2025	पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	PPI-MP-1	1/2	436777	2271240	120000
36-2025	पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	PPI-MP-3	3	436777	2271240	120000
37-2025	पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	PPI-MP-4	3	436777	2271240	120000
38-2025	दमोह स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	DMO-MP-1	1	185101	962525	50000
39-2025	रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	REWA-MP-1	1	157918	821174	50000
40-2025	रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	REWA-MP-2	1	157918	821174	50000
41-2025	रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	REWA-MP-3	2	157918	821174	50000
42-2025	रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	REWA-MP-4	2	157918	821174	50000
43-2025	मदनमहल स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	MML-MP-2	2/3	66000	343200	20000
44-2025	मदनमहल स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	MML-MP-3	4	66000	343200	20000
46-2025	नरसिंहपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	NU-MP-2	2	243100	1264120	70000
47-2025	गाडरवारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	GAR-MP-1	1	248685	1293162	70000
48-2025	गाडरवारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	GAR-MP-2	2	248685	1293162	70000
49-2025	कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	KMZ-MP-2	2/3	893199	4644635	240000
50-2025	कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	KMZ-MP-3	4/5	893199	4644635	240000
51-2025	कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	KMZ-MP-1	1	893199	4644635	240000
52-2025	सतना स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	STA-MP-4	2/3	1100001	5720005	290000
53-2025	नरसिंहपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका	NU-MP-1	1	243100	1264120	70000

निविदा फॉर्म शुल्क: ₹3540. ई-निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दिनांक 19.05.2025 को 15:30 बजे खुलेगी। रेल प्रशासन को बिना कोई कारण बताएं किसी भी निविदा का स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर